Bareilly, Tuesday,
10 March 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 03, BOTTOM

आईके कलेक्शन को 33 रनों से हरा बजाज टेक्सटाइल सेमीफाइनल में

तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस किंग्स और आइके नेक्स्ट जनरल मे मुकाबला

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (9 April): श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में 12वें लीग मैच और पहले क्वार्टर फाइनल मैच में शानदार मुकाबला हुआ. तेजस्वी स्पोर्ट्र्स मेरठ और जीका इलाहाबाद के बीच हुए 12वें लीग मैच में तेजस्वी ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर दूसरे क्वार्टर फाइनल में खेलने का अधिकार हासिल किया, जबकि पहले क्वार्टर फाइनल में बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने आइके कलेक्शन बरेली को 33 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया.

विनर को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित.

दूधिया रोशनी हुआ 12वां मैच

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार शाम 12वां मैच दूधिया रोशनी में तेजस्वी स्पोर्ट्र्स मेरठ और जीका के बीच खेला गया. तेजस्वी के कप्तान दमनदीप सिंह ने टास जीत कर जीका की बल्लेबाजी का न्योता दिया. जीका की टीम ने आशीष रत्नम (16 रन, 17 गेंद, 3 चौके), नीरज पटेल (14 रन, 15 गेंद, 2 चौके), अखिल कश्यप (25 रन, 24 गेंद, 2 चौके), मयंक दुबे (29 रन, 28 गेंद, 1 चौका, 2 छक्के) और हर्षित तिवारी (19 रन, 14 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का) की मदद से सात विकेट पर निर्धारित बीस ओवर में 154 रन बनाए. तेजस्वी स्पोर्ट्र्स की टीम ने ताबड़तोड़ खेलकर जीत का लक्ष्य 13 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया. और दूसरे क्वार्टर फाइनल में खेलने का टिकट हासिल किया. दूसरे क्वार्टर फाइनल में गुरुवार देर रात तेजस्वी का मुकाबला एमडीसीए मेरठ के बीच जारी रहा, जिसमें एमडीसीए ने पहले खेलते हुए 233 रन बनाए, जवाब में तेजस्वी आठ ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 77 रन पर मुश्किल हालत में खेल रही थी.

बजाज टेक्सटाइल ने जीता टॉस

पहला क्वार्टर फाइनल बजाज टेक्सटाइल अमरोहा और आइके कलेक्शन बरेली के बीच खेला गया. बजाज के कप्तान अमन नवाब ने टास जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए, इसमें शोएब सिद्दीकी (89 रन, 53 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के), गौरव (27 रन, 15 गेंद, 5 चौके, एक छक्का) और गगन विर्क (32 रन, 23 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जवाब में आइके की टीम 18 ओवर में 186 रन बनाकर पवेलियन लौट गई.